# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8986 / 2025 | दिनांकः 14 अक्टूबर, 2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–''भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी'' का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांकः 25 दिसम्बर, 2024 से दिनांकः 25 दिसम्बर, 2025 तक मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7605 / 2024, दिनांकः 27 दिसम्बर, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–7, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 396 / सत्तर–7–2024, दिनांकः 27 दिसम्बर, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **''भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी''** का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांकः 25 दिसम्बर, 2024 से दिनांकः 25 दिसम्बर, 2025 उनके विराट व्यक्तित्व एवं विचारों को जन–जन तक पहुँचाने एवं युवा पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करने के उद्देश्य से समारोहपूर्वक मनाये जाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करने तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ एवं वीडियो, समाचार पत्रों की कटिंग आदि को संकलित कर संरक्षित रखने के दिशा–निर्देश प्रदान किये गये थे।

तत्क्रम में शिक्षा निदेशक(उ0शि0), उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः डिग्री विकास / 1876 / 2025–26, दिनांकः 14 अक्टूबर, 2025 (छायाप्रति संलग्न) में प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुपालन में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि **उपरिवर्णित आयोजित किये गये कार्यक्रमों से सम्बन्धित पूर्व में संकलित फोटोग्राफ एवं वीडियो, समाचार पत्रों की कटिंग आदि को प्रत्येक दशा में दिनांकः 16 अक्टूबर, 2025 तक पेनड्राइव में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे समस्त सामग्रियों / सूचनाओं को संकलित करते हुए शासन को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा सके।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. समन्वयक–एन0एस0एस0 / एन0सी0सी0 / रोवर्स–रेन्जर्स, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया ।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

प्रेषक,

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी पोर्टल/अति महत्वपूर्ण/अनुस्मारक – 7/ई – मेल

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),उ0प्र0,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ **1876** /2025-26 दिनांक – **14/10/2025**

**विषय –भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने के क्रम में आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 396/सत्तर – 7 – 2024 दिनांक 27.12.2024 एवं इस कार्यालय के पत्रांक डिग्री विकास/1848/2024 – 25 दिनांक 27.12.2024, डिग्री विकास/148/2024 – 25 दिनांक 16.04.2025, डिग्री विकास/245/2025 – 26 दिनांक 01.05.2025, डिग्री विकास/294/2025 – 26 दिनांक 07.05.2025, डिग्री विकास/425/2025 – 26 दिनांक 21.05.2025, डिग्री विकास/903/2025 – 26 दिनांक 23.06.2025 एवं डिग्री विकास/1806/2025 – 26 दिनांक 06.10.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राष्ट्रीय निर्माण के पुरोधा, भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण सहज विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी, देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार, साहित्यकार, प्रखर वक्ता, कुशल राजनेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने का निर्देश दिया गया था, कार्यक्रम आयोजित किये जाने के उपरान्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ, वीडियो/वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग उपलब्ध कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे परन्तु अद्यतन सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी जो अत्यन्त ही ख़ेदजनक स्थिति है।

आपको यह भी अवगत कराया जा चुका है कि शासन के पत्र संख्या 152/सत्तर – 7 – 2025 दिनांक 16.05.2025 द्वारा एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी थी जिसमें विशेष सचिव महोदय द्वारा नाराज़गी व्यक्त की जा चुकी है। आप द्वारा सूचना अद्यतन प्रेषित न किये जाने के दृष्टिगत वेबपोर्टल पर ससमय सामग्री अपलोड नहीं की जा पा रही है। यह स्थिति अत्यन्त ही निराशाजनक एवं ख़ेदजनक है।

आप सभी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों एवं विश्वविद्यालयों से पुनः अपेक्षा की जाती है कि **जनवरी – 2025 से सितम्बर – 2025** तक पूर्व निर्धारित तिथियों में सम्पन्न कराये गये कार्यक्रम आयोजन से सम्बन्धित फोटोग्राफ, वीडियो/वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग संकलित कर **पेनड्राइव में 02 कार्यदिवस में** और तत्काल इस कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 पर dheabv@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उपरोक्त सामग्री वेबपोर्टल पर अपलोड की जा सकें।

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

14.10.25

**डॉ0 (शशि कपूर)**
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ **1876 – 1878** /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालय से उक्त सूचना प्राप्त कर समेकित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को तत्काल इस कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 पर dheabv@gmail.com या पेनड्राइव के माध्यम से 02 कार्यदिवसों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

14.10.25

**डॉ0 (शशि कपूर)**
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

"भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष"
(दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक)
महत्वपूर्ण/सर्वोच्च प्राथमिकता
संख्या- 396 /सत्तर-7-2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-7 लखनऊ : दिनांकः 27 दिसंबर, 2024

विषयः- "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्र-निर्माण के पुरोधा, भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण सहज विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी, देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार, साहित्यकार, प्रखर वक्ता, कुशल राजनेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक समारोहपूर्वक मनाये जाने का निर्णय उनके विराट व्यक्तित्व एवं विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा युवा पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

2. सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष पर्यन्त प्रेरणादायी कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय किये जाने के लिये उच्च शिक्षा विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है।

3. "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म दिवस 25 दिसम्बर "सुशासन दिवस" के रूप में मनाया जाता है। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी उक्त अवसर पर दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 तक विविध कार्यक्रमों के सफल आयोजनार्थ शासनादेश संख्या-356/सत्तर-7-2024, दिनांक 16.12.2024 निर्गत किया गया है।

4. उत्तर प्रदेश में "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने हेतु समस्त विभागों द्वारा

अपने-अपने विभाग की प्रस्तावित / निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाये ।

5. "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने हेतु उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, परिवहन, संस्कृति, सूचना, महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण, राजस्व, गृह, नगर विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, वित्त, श्रम, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता, खेल, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण, सिंचाई एवं जल संसाधन, न्याय/राज्य लोक सेवा अधिकरण तथा भाषा विभाग द्वारा निर्धारित/ प्रस्तावित विभागीय कार्य योजना (संलग्नक-क) के अनुरूप वर्ष पर्यन्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। उक्त के अन्तर्गत प्रत्येक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विद्यार्थियों / युवाओं सहित जनसहभागिता सुनिश्चित की जाये ।

6. उत्तर प्रदेश शासन के शेष विभागों द्वारा भी "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने हेतु तत्सम्बन्धी विभागीय कार्य योजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाये।

7. उत्तर प्रदेश शासन के समस्त विभागों द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना में निम्नलिखित महत्वपूर्ण दिवसों में कार्यक्रमों के आयोजन का अवश्य समावेश किया जाये-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | दिनांक 25.12.2024 | भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस/जन्म शताब्दी वर्ष के शुभारम्भ के अवसर पर समारोहपूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (ख) | दिनांक 26.01.2025 | गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री अटल जी के 'सुशासन' से सम्बन्धित विचारों एवं नीतियों पर विचार-गोष्ठी तथा तत्सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (ग) | दिनांक 03.02.2025 | भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को समर्पित कवि कुम्भ का आयोजन। |
| (घ) | दिनांक 27.03.2025 | भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से विभूषित श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों पर विचार-गोष्ठी का आयोजन। |
| (ङ.) | दिनांक 05.06.2025 | पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र-निर्माण में योगदान पर कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (च) | दिनांक 29.07.2025 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर संगोष्ठी तथा अन्य कार्यक्रमों / प्रतियोगिताओं का आयोजन। |
| (छ) | दिनांक 15.08.2025 | स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन से सम्बन्धित विचारों व नीतियों पर कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (ज) | दिनांक 16.08.2025 | भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि पर अवसरानुकूल कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (झ) | दिनांक 02.10.2025 | भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की महत्वपूर्ण 'इक्यावन |

| | | |
|---|---|---|
| | | कविताओं के काव्य पाठ सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन। |
| (ञ) | दिनांक 11.11.2025 | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के सर्व शिक्षा अभियान की उपलब्धियों पर कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (ट) | दिनांक 26.11.2025 | संविधान दिवस के अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के देश के विकास में योगदान पर कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (ठ) | दिनांक 25.12.2025 | भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती / जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर समारोहपूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन। |
| (ड) | श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन एवं उपलब्धियों से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण तिथियों में वर्ष पर्यन्त संचालित कार्यक्रम | • श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी, प्रधानमंत्री के रूप में योगदान पर विचार-गोष्ठी, निबन्ध लेखन, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आदि अवसरानुकूल कार्यक्रमों का आयोजन।<br>• अटल शोध पीठ द्वारा अवसरानुकूल कार्यक्रमों एवं संगोष्ठी का आयोजन। |

8. उक्त कार्यक्रमों तथा "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने के क्रम में वर्ष पर्यन्त आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के फोटोग्राफ, वीडियो/ वीडियो क्लिप, समाचार पत्रों की कटिंग आदि ऑनलाइन अपलोड किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश डेवलपमेन्ट सिस्टम्स कार्पोरेशन लिमिटेड (यू०पी० डेस्को), लखनऊ द्वारा वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है।

9. कार्यक्रम आयोजन से सम्बन्धित फोटोग्राफ, वीडियो/वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग तत्सम्बन्धी वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु संकलित कर संरक्षित रखें, जिससे वेब पोर्टल संचालित हो जाने पर उस पर अपलोड किया जा सके।

10. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक</u>: यथोपरि।

भवदीय,

Manoj 26.12.24

(मनोज कुमार सिंह)

मुख्य सचिव

संख्या:- 396 (1)/सत्तर-7-2024, तददिनांक ।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

2- प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- कुलपति, समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालय, उ०प्र०।

4- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

5- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ, उ०प्र०।

6- निदेशक, उ०प्र० राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ, उ०प्र०।

7- निदेशक, राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ, उ०प्र०।

8- निदेशक, उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ,उ०प्र०।

9- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ०प्र०।

10- निदेशक, (उच्च शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज।

11- निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज।

12- निदेशक, (बेसिक शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज।

13- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ०प्र०।

14- समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ०प्र०।

15- समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ०प्र०।

आज्ञा से,

(एम०पी० अग्रवाल)
प्रमुख सचिव